# यीडा में दूसरी सेमीकंडक्टर यूनिट के प्रस्ताव पर मंथन

■ **NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा**

■ हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने संबंधित कंपनी के प्रस्ताव पर शासन स्तर पर गठित कमिटी के साथ मीटिंग भी की थी

■ पिछले दिनों यीडा सिटी में प्रदेश की पहली और देश की छठी सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित करने के लिए मंजूरी मिली थी

**यीडा सिटी** में दूसरी सेमीकंडक्टर यूनिट के प्रस्ताव पर शासन स्तर पर मंथन शुरू हो गया है। हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने संबंधित कंपनी के प्रस्ताव पर शासन स्तर पर गठित कमिटी के साथ मीटिंग भी की थी। बता दें कि पिछले दिनों यीडा सिटी में प्रदेश की पहली और देश की छठी सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित करने के लिए मंजूरी मिली थी। यह यूनिट एचसीएल और फॉक्सकोन कंपनी का संयुक्त उपक्रम वामा सुंदरी स्थापित करेगी। वहीं, शासन स्तर पर एडिटेक सेमीकंडक्टर प्रा. लि. के निवेश का प्रस्ताव भी गया था। यह कंपनी भी यीडा क्षेत्र में यूनिट स्थापित करना चाहती है। इसके प्रस्ताव पर हाल ही में मीटिंग हुई है। उम्मीद है कि मंथन के बाद इसे जल्द ही कैबिनेट में रखा जा सकता है। बताया जा रहा है जो प्रस्ताव कंपनी ने दिया है, उसके अनुसार यह इकाई 20 एकड़ में विकसित होगी, जिससे शहर में 506 करोड़ का निवेश आएगा।